## • बाल कविताएं...

### अंकल जी...



घर में आये खटर-पटर,
दाढ़ी वाले अंकल जी।
ऊंची एड़ी के जूते,
क्या कहने हैं इनकी चाल?
आंखों पर धूपी चश्मा,
सिर पर लम्बे-लम्बे बाल।
बातें करते गिटिर-पिटिर,
बड़े निराले अंकल जी।
फिल्म कौन-सी अच्छी है,
बदल रही किसकी सरकार?
कितने रन से टीम कौन-सी
जीत रही है अबकी बार।
पापा से बतियाते दिन भर
बैठे-ठाले अंकल जी।

■ सूर्यकुमार पांडेय

### अंक गणित...

अंग्रेजी, हिन्दी, सामाजिक
और विज्ञान समझ में आए
अंकगणित जब करने बैठूं
सारा दिमाग जाम हो जए।
सरल जोड़ भाग गुणा घटाओ
कर लेता हूं जैसे-तैसे
घुमा-घुमा कर पूछे कोई
उसको हल करूं मैं कैसे?
इतना बड़ा हो गया हूं मैं
अंकगणित में अब भी जीरो
बाकी सारे काम करूं झट
दुनिया माने मुझको हीरो ।।

■ दीनदयाल शर्मा

## • चुटकुले...




एक पति ने अपनी पत्नी को दिल की बात बताई...
कहा – तुमसे शादी करके मुझे एक फायदा हुआ है
पत्नी – कौन सा फायदा?
पति – मुझे मेरे गुनाहों की सजा इसी जन्म में मिल गई...
😊😊😊

मच्छर का बच्चा पहली बार उड़ा, जब वापिस आया तो पापा ने पूछा– कैसा लगा उड़कर?
मच्छर का बच्चा बोला–बहुत अच्छा... जहां भी गया, लोग तालियां बजा रहे थे।
😊😊😊

## • जानकारी...

# अमेजन का जंगल



अमेजन का जंगल दक्षिणी अमेरिका में फैला हुआ है, ये जंगल पृथ्वी के सबसे बड़े वर्षावनों में से एक है। इसे धरती का फेफड़ा भी कहा जाता है और इसका कारण भी बहुत खास है। दरअसल अमेजन वन, जो वायुमंडल में ऑक्सीजन के स्तर को बनाए रखने में खास भूमिका निभाता है, महज एक जंगल ही नहीं बल्कि दुनियाभर के लिए बहुत जरूरी है। चलिए जानते हैं कि अमेजन के जंगल को धरती का फेफड़ा क्यों कहा जाता है और यह पर्यावरण के लिए क्यों इतना जरूरी है।

अमेजन वर्षावन लगभग 5.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, ये जंगल दुनिया के जैव विविधता के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। यह क्षेत्र लगभग 400 अरब से ज्यादा पेड़ों का घर है और यहां 10 मिलियन से ज्यादा प्रजातियों के जीव रहते हैं, जिनमें पक्षी, जानवर और कीट शामिल हैं. इसके अलावा अमेजन का वन पृथ्वी पर एक खास पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो जलवायु को स्थिर रखने में मदद करता है।

अमेजन के जंगल को धरती का फेफड़ा इसीलिए कहा जाता है, क्योंकि यह विशाल क्षेत्र वायुमंडल में ऑक्सीजन का उत्पादन करता है और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है, जैसे हमारे शरीर के फेफड़े करते हैं। यह प्रक्रिया फोटोसिंथेसिस के द्वारा होती है, जिसमें पेड़ और पौधे सूरज की रोशनी, पानी और कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग करके ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि अमेजन का जंगल वैश्विक वायुमंडल में ऑक्सीजन का 20% तक उत्पादन करने में सक्षम है। इसके अलावा ये जंगल बारिश के पानी को अवशोषित कर उसे फिर वातावरण में छोड़ता है. इस जंगल में ऐसे जानवर पाए जाते हैं जिनके बारे में वैज्ञानिक अबतक पता भी नहीं लगा पाए हैं। हालांकि हर दिन बढ़ती कटाई और आग लगने के कारण अमेजन का जंगल भी इस समय खतरे में है।



# कुशीनगर की कहानी

**कुश के असल रूप को छुपाने के लिए शीलवती ने प्रभावती से झूठ कहा कि उसकी पारिवारिक परम्परा के अनुरुप प्रभावती और कुश एक-दूसरे को तब तक प्रकाश में नहीं देखेंगे जब तक उनका बच्चा गर्भस्थ नहीं होता।**

**कुछ दिनों के बाद कुश के मन में प्रभावती को देखने की इच्छा उत्पन्न हुई। उसने अपने मन की बात अपनी माता को बताई। माता ने उसे घोड़ों के घुड़साल में प्रभावती को दिखाने की योजना बनाई...**

मल्लदेश के राजा की रानी शीलवती से दो पुत्र थे। पहला पुत्र बिल्कुल कुरूप था; किन्तु समस्त विद्याओं का ज्ञाता। दूसरा पुत्र बहुत ही खूबसूरत था; किन्तु बिल्कुल बुद्धिहीन।

कुश एक कुशाग्र बुद्धि का व्यक्ति था।। वह जानता था कि उसकी बदसूरती को देख कोई भी कन्या उससे विवाह करना नहीं चाहेगी। फिर भी शीलवती के आग्रह से उसने विवाह करना स्वीकार किया और प्रभावती नाम की एक बहुत ही सुन्दर कन्या से उसकी माता ने उसका विवाह करवा दिया जो सागल देश की राजकुमारी थी।

कुश के असल रूप को छुपाने के लिए शीलवती ने प्रभावती से झूठ कहा कि उसकी पारिवारिक परम्परा के अनुरुप प्रभावती और कुश एक-दूसरे को तब तक प्रकाश में नहीं देखेंगे जब तक उनका बच्चा गर्भस्थ नहीं होता।

कुछ दिनों के बाद कुश के मन में प्रभावती को देखने की इच्छा उत्पन्न हुई। उसने अपने मन की बात अपनी माता को बताई। माता ने उसे घोड़ों के घुड़साल में प्रभावती को दिखाने की योजना बनाई। अस्तबल में बैठे एक सारथी के भेष में कुश ने जब प्रभावती को देखा तो उसे एक शरारत सूझी। उसने प्रभावती पर पीछे से घोड़े की लीद( विष्ठा ) फेंकी । प्रभावती क्रुद्ध हुई, किन्तु शीलवती के कहने पर वह फिर आगे बढ़ गयी।

इसी प्रकार कुश ने दो-तीन बार अपनी माता की सहायता से प्रभावती को देखा और जितना ही वह उसे देखता उतना ही उसे और देखना चाहता। अतः एक बार माता ने प्रभावती को कमल के जलाशय में भेजा, जहां कुश छुपा बैठा था। जब जलाशय में प्रभावती नहाने लगी तो कुश का धैर्य छूट गया। वह तैरता हुआ प्रभावती के पास गया और उसके हाथ पकड़ कर अपना भेद खोला डाला कि वही उसका पति था। उस कुरुप और प्रेत की शक्ल वाले कुश को देख प्रभावती मूर्छिच्छत हो गयी। जब उसे होश आया तो वह तत्काल अपने मायके चली गयी।

कुश भी उसके पीछे-पीछे उसे मनाने गया और सागल देश में कई प्रकार की नौकरियाँ की। जब वह टोकरी बनाने का काम करता तो प्रभावती को अपना प्रेम-संदेश टोकरी की कलात्मकता के साथ भेजता। कभी कुम्हार बनता तो अपने हाथों की कलात्मकता से अपना संदेश भेजता। फिर भी प्रभावती उससे घृणा करती रही। अंततः उसने प्रभावती के घर में रसोईये के रुप में काम कर हर किसी का दिल जीता। फिर भी प्रभावती उससे घृणा करती रही।


एक दिन आठ देशों के राजाओं ने मिलकर सागल पर चढ़ाई की। तब कुश ने अपने ससुर के सामने प्रकट होकर सागल को बचाने का प्रस्ताव रखा। अपने जमाई राजा को वहाँ उपस्थित देख सागलराज बहुत प्रसन्न और आश्चर्य-चकित हुए। जब उन्होंने कुश को अपनी पुत्री के प्रेम में हर प्रकार का संघर्ष करते देखा तो उससे वह बहुत प्रभावित हुआ। उसने प्रभावती को फिर अच्छी फटकार लगाते हुए कुश की प्रशंसा की। प्रभावती ने भी उस संकट की घड़ी में कुश के गुणों को स्वीकारा और सराहा।

कुश के साथ फिर आठ राजाओं की लड़ाई हुई। कुश ने उन आठ राजाओं को पराजित कर उनसे प्रभावती की आठ छोटी बहनों का ब्याह करवा दिया। फिर खुशी-खुशी प्रभावती के साथ मल्लदेश को लौट गया। तभी से मल्लदेश का नाम उसी पराक्रमी राजा कुश के नाम पर पड़ा।

-समाप्त

## • रोचक...

# कैसे आता है बर्फीला तूफान



*आपने बर्फीले तूफान के बारे में जरूर सुना होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं यह सामान्य तूफान से कैसे अलग होता है? साथ ही यह तूफान कैसे आता है? आज हम आपको बताएंगे इस तूफान से जुड़ी तमाम जरूरी जानकारी। दरअसल जब बारिश गर्म हवा की परत से होकर गुजरती है, तो वह बहुत ज्यादा ठंडा हो जाती है और ठंडी सतहों से टकराने पर जम जाती है। इस तरह बर्फ की परत जम जाती है। जब बर्फ के टुकड़े हवा की गर्म परत से गुजरते हैं, तो वे आंशिक रूप से पिघल जाते हैं। फिर जब वे ठंडी हवा की परत से गुजरते हैं, तो वे फिर से जमकर बर्फ के गोले बन जाते हैं। तेज हवाएं बर्फ के टुकड़ों को ऊपर उठाती हैं, जिससे बर्फीला तूफान आता है। जब पानी की बूंदें लगभग –40°F और 32°F के बीच के तापमान पर होती हैं, तो वे क्रिस्टलीकृत हो जाती हैं। जब पर्याप्त क्रिस्टल एक साथ चिपक जाते हैं, तो वे बर्फ के टुकड़े बन जाते हैं और जमीन पर गिर जाते हैं।*

## • दूध...



*किस जानवर का दूध सबसे ज्यादा सेहतमंद है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके स्वास्थ्य के लिए किस तरह के पोषक तत्वों की जरूरत है? लेकिन आमतौर पर बकरी के दूध को सबसे हेल्दी माना जाता है, क्योंकि इसमें विटामिन ए और बी की मात्रा ज्यादा होती है। जो लोग अपना वजन और कोलेस्ट्रॉल लेवल पर नज़र रखते हैं, उनके लिए बकरी का दूध अच्छा विकल्प है।*